# समाचार विज्ञप्ति

## मंत्री ओलिवर ने संतुलित बजट, रोज़गार, विकास और सुरक्षा के लिए न्यून-कर योजना प्रस्तुत की

आर्थिक कार्य-योजना 2015, रोज़गार और विकास का समर्थन करती है, परिवारों और समुदायों को समृद्ध करने में मदद करती है, और कॅनेडियन्स की सुरक्षा सुनिश्चित करती है

21 अप्रेल, 2015 ओटावा, ओंटारियो वित्त विभाग

वित्त मंत्री जो ओलिवर ने आज 2015 की आर्थिक कार्य योजना, हार्पर सरकार का संतुलित बजट, रोज़गार, विकास और सुरक्षा के लिए न्यून कर योजना प्रस्तुत की। आर्थिक कार्य-योजना 2015 -

- **2015 में बजट संतुलित करने के लिए हार्पर सरकार का वादा पूरा करेगी।** आधी सदी से अधिक में कॅनेडियन्स पर सबसे कम संघीय कर का बोझ बनाए रखते हुए सरकार संतुलित बजटों की वापसी करेगी।
- **रोज़गार और वृध्धि का समर्थन करेगी** - कॅनेडा को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाकर और रोज़गार बनाने वाले व्यवसायों को कामयाब करने की अनुमति देकर; नये और खोजपूर्ण निवेश करके जो बुनियादी सुविधाओं के लिए सरकार के ऐतिहासिक समर्थन पर आगे निर्माण करते हैं; और उत्तम कुशल कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर जो नियोक्ताओं की उभरती जरूरतों को पूरा करते हैं।
- **परिवारों और समुदायों को समृद्ध बनने में सहायता करेगी** - सभी के लिए अवसर बढ़ाने के साथ साथ कड़ी मेहनत से काम कर रहे परिवारों और व्यक्तियों को कर-राहत और अन्य सहायता प्रदान करके।
- **कॅनेडियन्स की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी** - कॅनेडा की सशस्त्र फौजों का समर्थन करके और आतंकवाद के खतरे से देश और विदेश से कॅनेडियन्स की रक्षा करके।

### बजट को संतुलित करेंगे -

- महान मंदी की ऊंचाई पर घाटा $ 55.6 बिलियन से लेकर 2015-16 के लिए अनुमानित $1.4 बिलियन अधिशेष में बदल गया है।
- महान मंदी से पहले हार्पर सरकार ने घाटा कम करने के लिये $37 बिलियन का भुगतान किया, जो एक महत्वपूर्ण कारण है कि कॅनेडा का कुल सरकारी शुद्ध कर्ज बोझ सात के समूह (जी-7) देशों में सबसे कम है और जी-20 देशों में सबसे कम में से एक है।
- हार्पर सरकार की जिम्मेदार राजकोषीय प्रबंधन नीति, जो रोज़गार पैदा कर रही है और कॅनेडियन्स की जेब में अधिक पैसा वापस दे रही है, को प्रतिष्ठापित करने के लिए संतुलित बजट विधान पेश किया जाएगा।

Department of Finance Canada Ministère des Finances Canada

Canada

- संतुलित बजट हार्पर सरकार को कॅनेडियन परिवारों और व्यक्तियों के लिए करों में और अधिक कटौती करने देता है।

**रोज़गार और विकास का समर्थन करेंगे -**

- 2019 तक छोटे व्यवसायों के कर की दर में 9 प्रतिशत की कटौती करेंगे -- अब और 2019-20 के बीच रोज़गार पैदा करने वाले छोटे व्यवसायों और उनके मालिकों की जेब में अनुमानित $2.7 बिलियन वापस डालेंगे।
- मशीनरी और उपकरणों में उत्पादकता बढ़ाने के निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए निर्माताओं को 10 साल का त्वरित पूंजी लागत भत्ता प्रदान करेंगे।
- खेत और मछली पकड़ने के व्यवसायों के मालिकों के लिए पूंजी लाभ छूट में आजीवन $1 मिलियन की वृध्दि करेंगे।
- कॅनेडा के लघु व्यवसाय वित्तपोषण कार्यक्रम के माध्यम से कॅनेडा के छोटे व्यवसायों के लिए वित्तपोषण प्राप्ति में सुधार करेंगे।
- छोटे और मध्यम आकार के व्यापारों को मदद देने के लिए कॅनेडा की बिजनेस डेवलपमैंट बैंक और निर्यात विकास कॅनेडा के माध्यम से की गई सेवाओं में विस्तार करेंगे।
- युवा उद्यमियों के समर्थन में फ्यूचरप्रनर (Futurpreneur) कॅनेडा को दो साल की अवधि में $14 मिलियन प्रदान करेंगे।
- व्यापार की महिला-मालिकों को सफल होने में मदद करने के लिए महिला उद्यमियों की कार्य-योजना का समर्थन करेंगे।
- नई खोज करने वाली कंपनियों को आगे बढ़ने और वैंचर कैपिटल कार्य-योजना के माध्यम से रोज़गार के अवसर पैदा करने में मदद करेंगे।
- खास लाल सील व्यापारों में शिक्षुता प्रशिक्षण और प्रमाणन आवश्यकताओं को अनुरूप बनाने के लिये प्रांतों और प्रदेशों का समर्थन करेंगे।
- सरकार की नए सिरे से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार रणनीति अग्रिम करने के लिए पांच साल की अवधि में $1.5 बिलियन प्रदान करके विश्व स्तर के अनुसंधान और विकास में निवेश करेंगे।
- नई बिल्डिंग कॅनेडा योजना के तहत, प्रांतीय, प्रादेशिक और नगर निगम के बुनियादी ढांचे के लिए औसतन $5.35 बिलियन प्रति वर्ष प्रदान करना जारी रखेंगे।
- भीड़ को कम करने और बड़े शहरों में गतिरोध से लड़ने के लिए नये सार्वजनिक परिवहन बुनियादी ढांचे के निर्माण के उद्देश्य से एक नये सार्वजनिक परिवहन कोष के लिए 2017-18 में शुरू होने वाले दो वर्षों में $750 मिलियन, और उसके बाद प्रति वर्ष 1 अरब डॉलर निवेश करेंगे।

**परिवारों और समुदायों की समृद्धि में मदद करेंगे -**

- 2015 और उसके बाद के वर्षों के लिए प्रभावी, कर-मुक्त बचत में वार्षिक योगदान सीमा $10,000 तक बढ़ाएंगे।
- पंजीकृत सेवानिवृत्ति आय फंड के लिए न्यूनतम वापसी कारकों को कम करेंगे ताकि वरिष्ठ नागरिक अपनी सेवानिवृत्ति आय में विकास को अधिक संरक्षित रख सकें और अपनी सेवानिवृत्ति आय की आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से पूरा कर सकें।

- अपने घरों को सुरक्षित और अधिक सुलभ बनाने के लिए नवीकरण लागत के साथ मदद के उद्देश्य से घर सुलभता टैक्स क्रेडिट को शुरू करके वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग व्यक्तियों की सहायता करेंगे ताकि वे स्वतंत्र रूप से रह सकें और अपने घरों में रह सकें।
- अल्प-कालिक कार्यक्रमों में छात्रों के लिए कम और मध्यम आय वाले कॅनेडा छात्र अनुदान के लिए पात्रता का विस्तार करके माध्यमिक शिक्षा की सुलभता को बढ़ाएंगे।
- जरूरतों की मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत माता-पिता के योगदान की उम्मीद कम करेंगे ताकि परिवारों के लिए कॅनेडा विद्यार्थी ऋण कार्यक्रम सही रूप से काम कर सके।
- 2016-17 में शुरू करके चार साल की अवधि में $150 मिलियन उपलब्ध कराकर हमारे समुदायों में सबसे अधिक कमजोरों की सहायता करेंगे, सामाजिक आवास प्रदाताओं दंड के बिना उनके दीर्घकालिक, गैर अक्षय बंधक पूर्व-भुगतान करने की अनुमति देकर कॅनेडा में सामाजिक आवास का समर्थन करेंगे।
- नेत्रहीनों के लिए मुद्रित सामग्री की उपलब्धि में सुधार करेंगे।
- कॅनेडा सील उत्पादों के लिए नए बाजार तक पहुंच को सुनिश्चित करने में मदद करने के लिये पांच वर्षों के दौरान $ 5.7 मिलियन उपलब्ध कराएंगे।
- सुनिश्चित करेंगे कि दिग्गजों और उनके परिवारों को इनके व्दारा आवश्यक समर्थन प्राप्त होता है - मामूली से लेकर गंभीर रूप से विकलांग दिग्गजों के लिये एक नया सेवानिवृत्ति आय सुरक्षा लाभ प्रदान करके; विकलांग दिग्गजों के लिए स्थायी हानि भत्ते की प्राप्ति को विस्तृत और सुलभ बनाकर; अंशकालिक रिजर्व फोर्स के दिग्गजों के लिए आय में कमी लाभ को बढ़ाकर; देखभाल करने वालों के सम्मान की पहचान के लिये एक नए कर से मुक्त परिवार देखभाल राहत लाभ बनाकर; और दिग्गजों के लिए व्यक्तिगत समर्थन के स्तर को बढ़ाकर।
- रोज़गार बीमा अनुकंपा देखभाल लाभों को छह सप्ताह से बढ़ाकर छह महीने करके उसका विस्तार करेंगे ताकि गंभीरतापूर्वक बीमार और मृत्यु के करीब परिवार के सदस्यों की देखभाल करने वाले कॅनेडियन्स को बेहतर समर्थन दिया जा सके।

**कॅनेडियन्स की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे -**

- कॅनेडा की सशस्त्र फौजों को 10 साल की अवधि में $12 बिलियन के करीब प्रदान करके राष्ट्रीय रक्षा धन में वृद्धि करेंगे यह सुनिश्चित करने के लिये कि कॅनेडा घर में और विदेशों में सेवा करने के लिए मुकाबले के लिये तैयार सैन्य बल बनाए रख सके।
- आई.ऐस.आई.ऐस. का मुकाबला करने के लिये राष्ट्रीय रक्षा को 2015-16 में $360 मिलियन तक प्रदान करके कॅनेडा की सशस्त्र फौजों की तैनाती में समर्थन प्रदान करेंगे।
- रॉयल कनेडियन माउन्टेड पुलिस, कॅनेडा सुरक्षा खुफिया सेवा और कॅनेडा सीमा सेवा एजेंसी को अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराकर आतंकवाद का मुकाबला करेंगे।
- विदेशी खुफिया जानकारी जुटाने के लिए कॅनेडा की क्षमता बढ़ाएंगे।
- हमारी सीमाओं की अखंडता की रक्षा करेंगे और वीजा की आवश्यकता वाले कुछ चुने हुए देशों से आने वाले कम जोखिम वाले यात्रियों के लिए कॅनेडा की वैध यात्रा को सुलभ बनाएंगे।

**शीघ्र तथ्य**

- हार्पर सरकार व्दारा करों में कटौती और लाभों में वृद्धि के कारण चार लोगों के एक ठेठ दो-अर्जक कनेडियन परिवार को 2015 में कर-राहत और लाभों में $6,600 तक की वृद्धि प्राप्त होगी।
- सत्ता में आने के बाद से सरकार ने हर साल करों को कम किया है। वास्तव में, समग्र संघीय कर का बोझ 50 से अधिक वर्षों के न्यूनतम स्तर पर आ गया है।
- जून 2009 की मंदी के अंत की तुलना में 1.2 मिलियन से अधिक कॅनेडियन्स अब काम कर रहे हैं। इन शुद्ध नए रोजगारों में निजी क्षेत्र के उद्योगों में अधिकतर पूर्णकालिक पदों पर उच्च मजदूरी के रोज़गार हैं।
- जी-7 देशों के बीच कॅनेडा का पुनरुत्थान के मामले में प्रदर्शन सबसे अच्छे आर्थिक प्रदर्शनों में से एक है।
- वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) पूर्व-मंदी के स्तर से काफी ऊपर है - जी-7 में सर्वोत्तम प्रदर्शन।
- विश्व आर्थिक मंच ने अपनी वार्षिक *वैश्विक प्रतिस्पर्धा रिपोर्ट* में लगातार सातवें वर्ष के लिए कॅनेडा की बैंकिंग प्रणाली का मूल्यांकन दुनिया में सबसे अधिक दृढ़ घोषित किया है।
- के.पी.ऐम.जी. के मुताबिक, कॅनेडा में कुल कारोबार-कर की लागत जी-7 में सबसे कम और संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में 46 प्रतिशत कम है।
- ब्लूमबर्ग ने, व्यापार करने के लिए दुनिया में कॅनेडा को सबसे आकर्षक जगहों में दूसरा स्थान दिया है।
- चार क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों - मूडी इन्वैस्टर्स सर्विस, फिच रेटिंग, स्टैंडर्ड ऐंड पूअर्स और डी.बी.आर.ऐस. ने कॅनेडा के लिए अपनी शीर्ष रेटिंग की फिर से पुष्टि की है, और यह उम्मीद है कॅनेडा आगे वर्ष में अपनी ए.ए.ए. रेटिंग बनाए रखेगा।

**उद्धरण**

"2015 आर्थिक कार्य-योजना रोज़गार, विकास और दीर्घकालीन समृद्धि के अवसर पैदा करेगी। जैसा कि हमने वादा किया था यह एक संतुलित बजट है, और यह कड़ी मेहनत से काम कर रहे व्यक्तियों और परिवारों के लिए करों में कटौती करता है। यह एक विवेकपूर्ण और सैद्धांतिक योजना है जो कनेडियन्स को और अधिक समृद्ध और अधिक सुरक्षित बनाएगी, और और दुनिया में हमारे देश की जगह को और भी अधिक आत्मविश्वासपूर्ण बनाएगी। कॅनेडियन्स आश्वस्त हो सकते हैं कि प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर के मजबूत नेतृत्व के तहत कॅनेडा का राजकोषीय कारोबार यथायोग्य है।"

*जो ओलिवर, वित्त मंत्री*

**सम्बन्धित लिंक**

• http://www.canada.ca/budget2015

**संपर्क -**

मलीसा लांट्स्मैन
संचार निर्देशक
वित्त मंत्री का कार्यालय
613-369-5696

स्टैफ़नी रूबैक
मीडिया संबंध
वित्त विभाग
613-369-4000

*सभी समाचार विज्ञप्ति की ई-मेल सूचना प्राप्त करने के लिए, कृपया [www.fin.gc.ca/scripts/register-eng.asp](http://www.fin.gc.ca/scripts/register-eng.asp) में पंजीकरण करें।*